राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधान मंत्री और अन्य विशिष्टजनों ने लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन के जन्मदिन पर उन्हें शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली, 12 अप्रैल, 2015 : भारत के राष्ट्रपति, श्री प्रणब मुख़र्जी; उपराष्ट्रपति, श्री मोहम्मद हामिद अंसारी; प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी; केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री, श्री एम. वेंकैया नायडू; लोक सभा उपाध्यक्ष, डॉ एम तंबिदुरै; केंद्रीय मंत्रियों; संसद सदस्यों; अन्य विशिष्टजनों और लोक सभा सचिवालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने आज अर्थात 12 अप्रैल, 2015 को लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन के जन्मदिन के अवसर पर उन्हें शुभकामनाएं दीं हैं।

उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए, राष्ट्रपति, श्री मुख़र्जी ने कहा:" आप स्वस्थ और प्रसन्न रहें"।

उपराष्ट्रपति श्री मोहम्मद हामिद अंसारी ने लोक सभा अध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह स्वस्थ रहें और आने वाले कई वर्षों तक देश की सेवा करती रहें।

ट्विटर पर दिए अपने सन्देश में, प्रधान मंत्री, श्री मोदी ने कहा: "लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन के जन्मदिन के अवसर पर मेरी शुभकामनाएं। मैं उनके लम्बे जीवन और अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करता हूँ "।

उत्तर में, श्रीमती महाजन ने सभी विशिष्टजनों और शुभचिंतकों को धन्यवाद दिया और कहा कि इन शुभकामनाओं से उन्हें देश की सेवा करने की प्रेरणा मिली है।